कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788-2350125 ई-मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्रं./एफ– /सा.प्र.वि./विविध/2026/561 भिलाई, दिनांक 17/04/2026

//आदेश//

छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर क्रमांक/GENS-2101/2108/2026-HOME SECTION दिनांक 16.04.2026 के अनुसार भारत सरकार गृह मंत्रालय, भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 परिपत्र संख्या-6, दिनांक 14.12.2025 के अंतर्गत प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु दिनांक 01 मई, 2026 से 30 मई, 2026 तक समय-सीमा निर्धारित है।

भारत सरकार के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में जनगणना 2027 महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सुचारू एवं समयबध्द रूप से सम्पन्न कराने हेतु जनगणना कार्य के लिए नियोजित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के अवकाश पर निम्नानुसार प्रतिबंध लगाया जाता है –

1. नगर पालिक निगम, भिलाई में जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को कलेक्टर के पूर्वानुमोदन के बिना अवकाश स्वीकृत नही किया जाएगा।
2. उक्त अवधि में जनगणना कार्य में नियोजित समस्त अधिकारी/कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नही छोडेंगे।
3. विशेष परिस्थितियों में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, दुर्ग की पूर्व अनुमति उपरांत अवकाश स्वीकृत किया जावेगा।
4. पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश के प्रकरणों में पुनः आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी से अनुमोदन लिया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में अवकाश स्वीकृति मान्य नहीं होगी।
5. जनगणना कार्य में नियोजित समस्त कार्यालय प्रमुख की व्यक्तिशः जिम्मेदारी होगी कि वे आदेश का पालन करावें। उक्त आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूध्द नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
6. इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जनगणना 2027 के कार्य प्रक्रियाधीन होने पर जनगणना संबंधी कार्यो को अन्य कार्यो की तुलना में सर्व प्राथमिकता दी जावें।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2026/562 भिलाई, दिनांक 17/04/2026

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी दुर्ग जिला-दुर्ग को सादर सूचनार्थ ।
2. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता, नगर नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

क्रमश............

Scanned with CamScanner

5. उपायुक्त I/II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. जोन आयुक्त एवं जोन चार्ज अधिकारी जनगणना, जोन क्रमांक 1/2/3/4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. सर्व विभाग प्रमुख..नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. नोडल अधिकारी जनगणना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
10. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
11. प्रभारी लिपिक, सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

Scanned with CamScanner